विश्व ओजोन दिवस पर हुआ कार्यक्रम

नीमकाथाना| राजकीय एसएनकेपी पीजी कॉलेज में शुक्रवार को विश्व ओजोन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. हरीश कुमार ने छात्रों को ओजोन परत के नष्ट होने से मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अवधेश शर्मा अनिल ने पीपीटी के जरिए ओजोन संरक्षण के बारे में जानकारी दी। इसके लिए चल रहे कार्यक्रमों व उपायों के बारे में बताया गया। प्रश्नोतरी कार्यक्रम में छात्रों ने ओजोन परत संरक्षण एवं प्रभावों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सुनिल कुमार सक्सेना, डॉ. एचएस यादव, मुकेश जांगिड एवं एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रदीप मिठारवाल व प्रो. मनीषा मौजूद रहे।